## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

# प्रैक्टिस पेपर

# 16

## भाग : (अ)
## सामान्य हिन्दी

**1. किस विकल्प में संधि-विच्छेद सही नहीं हुआ है?**
(1) वाग्घरि = वाक् + हरि
(2) नारायण = नर + अयन
(3) जात्यभिमान = जाति + अभिमान
(4) पुरोहित = पुर: + हित

**2. निम्न में से किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है?**
(1) पित्रादि = पितृ + आदि
(2) गुर्वृण = गुरु + ऋण
(3) अन्वेषण = अनु + एषण
(4) आविष्कृत = आवि: + कृत

**3. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग तथा प्रत्यय (दोनों) का प्रयोग हुआ है?**
(1) अलौकिकता, प्रशासनिक
(2) अनुकरणीय, निश्चल
(3) आबालवृद्ध, अपकीर्ति
(4) झगड़ालू, ससुराल

**4. क्रिया के अंत में लगने वाले प्रत्यय कहलाते हैं-**
(1) तद्धित
(2) तद्भव
(3) उपसर्ग
(4) कृदन्त

**5. ''शोक है कि आपने मेरे पत्रों का उत्तर नहीं दिया।'' वाक्य के किस भाग में अशुद्धि है?**
(1) पत्रों का कोई
(2) उत्तर नहीं दिया
(3) शोक है कि
(4) आपने मेरे

**6. 'व्यवहार' शब्द में निहित समास का नाम है?**
(1) अव्ययीभाव
(2) द्वन्द्व
(3) द्विगु
(4) तत्पुरुष

**7. 'त्रिफला' शब्द किस समास का उदाहरण है?**
(1) द्वन्द्व
(2) अव्ययीभाव
(3) द्विगु
(4) कर्मधारय

**8. रेलभाड़ा' शब्द किस समास का उदाहरण है?**
(1) अव्ययीभाव समास
(2) तत्पुरुष समास
(3) कर्मधारय समास
(4) बहुव्रीहि समास

**9. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?**
(1) सानिध्य, ध्यातव्य
(2) हतोत्साह, धनाढ्य
(3) अंतर्धान, तादातम्य
(4) सिद्धहस्त, भवनिष्ठ

**10. किस विकल्प में कोई भी शब्द अशुद्ध नहीं है?**
(1) पैत्रिक, प्रज्वलित, सर्वोपरी
(2) प्रज्जवलित, पैतृक, सर्वोपरि
(3) सर्वोपरि, प्रज्वलित, पैतृक
(4) पैत्रिक, सर्वोपरी, प्रज्वलित

**11. 'Defendant' का हिन्दी समानार्थक शब्द है-**
(1) यथा संशोधित
(2) अपराधी
(3) प्रतिवादी
(4) इकरारनामा

**12. 'This may be suitably amended' का हिन्दी रूपान्तर है-**
(1) यह प्रस्ताव बिल्कुल ठीक है।
(2) इसमें उपयुक्त संशोधन किया जा सकता है।
(3) उपयुक्त संशोधित इसे किया जाता हो।
(4) सत्यापित कर इसे ठीक पाया।

**13. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा कौनसी है?**
(1) शत्रुता
(2) वीर
(3) मनुष्य
(4) गुरु

**14. किस क्रमांक का शब्द तद्भव है?**
(1) चोंच
(2) चूर्ण
(3) चन्द्रिका
(4) शकट

**15. जातिवाचक संज्ञा बताएँ-**
(1) लड़का
(2) मित्रता
(3) श्याम
(4) दु:ख

**16. किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है?**
(1) जिसे भी देखता हूँ, वही व्यस्त है
(2) रास्ते में कुछ खा लेना
(3) रामेश्वर का घर यह नहीं, वह है
(4) मैं अपना काम स्वयं करता हूँ।

17. अनिश्चयवाचक सर्वनाम किस वाक्य में है?
(1) यह पुस्तक मेरी है (2) बाहर कोई खड़ा है
(3) आप क्या लाये हैं (4) मुझे कुछ रुपये चाहिए

18. पूर्व में प्रेषित पत्र को याद दिलाने के लिए भेजा जाने वाला पत्र कहलाता है?
(1) विज्ञप्ति (2) निविदा
(3) अनुस्मारक (4) परिपत्र

19. एक ही पत्र जब एक साथ कई प्रेषितियों को भेजा जाता है, तो इसे कहते हैं?
(1) परिपत्र (2) ज्ञापन
(3) विज्ञप्ति (4) अधिसूचना

20. किस वाक्य में सर्वनाम से संबंधित त्रुटि है?
(1) मेरी आपके प्रति गहरी श्रद्धा है
(2) यहाँ कोई नहीं है
(3) जो परिश्रम करेगा वही उत्तीर्ण होगा
(4) मैंने आपसे आने का अनुरोध किया था, परन्तु तुम नहीं आये

21. इनमें से 'विशेषण उपवाक्य' है?
(1) गुरुजी ने कहा कि वे आज नहीं आएँगे।
(2) जो रुपए मुझे मिले थे, वे खर्च हो गए।
(3) मैं ज्योंही वहाँ पहुँचा, वह चला गया।
(4) यदि वह कहेगा तो मैं भी चलूँगा।

22. संज्ञा से निर्मित विशेषण नहीं है?
(1) हँसोड़ (2) धनी
(3) बुद्धिमान (4) इमारती

23. वाक्य रचना में पद-क्रम के संबंध में कौनसा कथन सही नहीं है?
(1) सामान्य वाक्य में कर्म, कर्त्ता के बाद आता है।
(2) क्रिया विशेषण क्रिया से पहले लगाया जाता है।
(3) पूर्वकालिक क्रिया मुख्य क्रिया से पहले आती है।
(4) द्विकर्मक क्रिया में मुख्य कर्म पहले और गौण कर्म बाद में आता है।

24. जिस वाक्य में क्रिया का सीधा फल कर्ता पर पड़े, उसे कहते हैं?
(1) सकर्मक क्रिया (2) अकर्मक क्रिया
(3) नामधातु क्रिया (4) प्रेरणार्थक क्रिया

25. किस विकल्प में विलोम युग्म है?
(1) संतुष्ट-संत्रस्त (2) विरस-विरह
(3) पथ्य-पद्य (4) सत्कृत-निरादृत

26. किस विकल्प में विलोम युग्म है?
(1) असमय-असीम (2) कुसुम-कुसंग
(3) सम्मुख-विमुख (4) संन्यास-संन्यासी

27. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(1) बारह महीनों में एक बार होने वाला - बारहमासा
(2) पाँच मुख वाला - पंचानन
(3) रात्रि में विचरण करने वाला - निशाचर
(4) जिसे सबके विषय में जानकारी हो - सर्वज्ञ

28. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(1) पति धर्म ही जिसका व्रत हो - पतिव्रता
(2) शोक की शुरुआत - शोकांत
(3) सुंदर आकार वाला - सुडौल
(4) हिंसा करने वाला- हिंसक

29. 'इतिश्री होना' मुहावरे का सही अर्थ है-
(1) पूजा करना (2) प्रारम्भ होना
(3) श्री गणेश होना (4) समाप्त होना

30. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(1) जिसका अनुभव किया जा चुका हो- **अनुभूत**
(2) जिसे जीता न जा सके - **अजेय**
(3) बिना वेतन काम करने वाला- **अवैतनिक**
(4) दोपहर के बाद का समय - **पूर्वाह्न**

## भाग : ( ब )
## सामान्य अंग्रेजी

31. The government's decision was extremely unwise.
The word 'decision' in this sentence belongs to the class of words called-
(1) verb (2) noun
(3) adjective (4) adverb

32. I hurt <u>myself</u>. The underlined word is a:
(1) personal pronoun
(2) demonstrative pronoun
(3) reflexive pronoun
(4) possessive pronoun

33. Pick the correct option to fill in the blank;
Cattle ____ driven all over the fields.
(1) is (2) are
(3) was (4) has been

34. "Blow the horn." The passive voice of the above sentence will be:

(1) Let the horn blown
(2) Let us blow the horn
(3) Let the horn be blown
(4) It is requested to blow the horn

**35. Who created this mess?**
(1) By whom was this mess created?
(2) Who has created the mess?
(3) This mess is created by whom?
(4) How was this mess created?

**36. He ordered them to lock the door. (Direct Speech)**
(1) He said to them, "Please lock the door,"
(2) He told them "You locked the door."
(3) He tells them, "Lock the door,"
(4) He said to them, "Lock the door,"

**37. How ______ money do you have—**
(1) many (2) much
(3) few (4) lot of

**38. Fill in the blank with the correct article: He works in ______ L.I.C. of India.**
(1) zero (2) the
(3) a (4) an

**39. He is greater than I am. (Negative)—**
(1) He is not grater than me.
(2) I am not so great as he (is).
(3) H is great, I am not.
(4) He is not as greater as I (am).

**40. "Are you not going to the party?"**
(1) "क्या तुम पारटी में जा रही हो?"
(2) "क्या तुम भी पार्टी में जा रही हो?"
(3) "क्या तुम पार्टी में नहीं जा रही थी?"
(4) "क्या तुम पार्टी में नहीं जा रही हो?"

**41. अगर वो नहीं आया तो क्या होगा?**
(1) What happens if he comes not?
(2) What will happen if he is not coming?
(3) What will happen if he comes?
(4) What will happen if he does not come?

**42. Choose the synonym of the given word: *Pester***
(1) Console (2) Annoy
(3) Gratify (4) Torture

**43. What is 'On probation' called in Hindi?**
(1) प्रतिनियुक्ति पर (2) परिवीक्षाधीन
(3) प्रतिनिधित्व (4) प्रस्थान करना

**44. 'Record' का सही पारिभाषिक नहीं है–**
(1) अभिलेख (2) कीर्तिमान
(3) दर्ज करना (4) सूचित करना

**Choose from the options below to transform the sentences as directed :**

**45. She is greater than I, *(Transform into Negative)***
(1) I am greater them she.
(2) She and I are not great.
(3) I am not so great as she.
(4) She is not greater than I

**46. Choose the correct option for Assertive to Interrogative transformation of the sentence given: *I am not the man to submit.***
(1) Is there a man to submit?
(2) Am I the man to submit?
(3) Is that a way to submit?
(4) Should a man not submit?

## भाग : ( स )
## सामान्य ज्ञान

**47. राजस्थान का पश्चिम से पूर्व देशान्तरीय विस्तार है?**
(1) 69°30' पूर्वी देशान्तर से 78°17' पूर्वी
(2) 69°30' पूर्वी देशान्तर से 78°17' पश्चिमी
(3) 69°30' पश्चिमी से 78°17' पूर्वी
(4) 69°30' पश्चिमी से 78°17' पश्चिमी

**48. निम्नलिखित अरावली पर्वत शिखरें हैं। इन शिखरों को ऊँचाई के अनुसार घटते क्रम में क्रमबद्ध करिये:-**
(a) गुरुशिखर (b) अचलगढ़
(c) कुम्भलगढ़ (d) सेर
(e) दिलवाड़ा
**कूट:-**
(1) (a), (d), (b), (c), (e) (2) (a), (d), (e), (b), (c)
(3) (a), (b), (c), (d), (e) (4) (e), (d), (c), (b), (a)

**49. राजस्थान के शुष्क व अर्द्ध शुष्क क्षेत्रों में 'पालर-पानी' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
(1) नदी जल (2) भूमिगत जल
(3) नहरी जल (4) वर्षा जल

**50. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में जलोढ़ मिट्टी पाई जाती है?**
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) बाराँ (4) दौसा

51. **निम्न में कौन सी नदी सिंधु नदी प्रणाली का भाग नहीं है?**

(1) सतलुज (2) चेनाब

(3) कोसी (4) रावी

52. **तालिका-I को तालिका-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| तालिका-I | तालिका-II |
|---|---|
| (A) उदयसागर | (1) जोधपुर |
| (B) रामगढ़ | (2) डूँगरपुर |
| (C) कायलाना | (3) उदयपुर |
| (D) गेप सागर | (4) जयपुर |

**कूटः-**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (4) | 1 | 2 | 3 | 4 |

53. **निम्नलिखित में कौन-सी संरचना तालाब का छोटा रूप है जो अधिकांशतः पश्चिमी राजस्थान में पायी जाती है?**

(1) खड़ीन (2) झील

(3) बेरी (4) नाडी

54. **राजस्थान के पलाश के वन कौन से जिलों में पाये जाते है?**

(1) अलवर, अजमेर, उदयपुर, राजसमंद

(2) कोटा, बूंदी, बाराँ, सवाईमाधोपुर

(3) नागौर, जालौर, भरतपुर, बांरा

(4) बांसवाड़ा, डूंगरपुर, झालावाड़

55. **राजस्थान में ड्यून मुक्त ट्रेक्ट पाया जाता है?**

(1) पाली-जालौर-बाड़मेर-जयपुर

(2) जोधपुर-नागौर-चुरू-सीकर

(3) हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर-झुंझुनूं-जयपुर

(4) बीकानेर-जैसलमेर-फलौदी-पोखरण

56. **2011 की जनगणना के अनुसार, 400 से अधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिलों का चयन कीजिए-**

(1) दौसा (2) सीकर

(3) झुंझुनूं (4) भरतपुर

**कूटः-**

(1) (1), (2) और (3) (2) (1) और (4)

(3) (3) और (4) (4) (2) और (3)

57. **राजस्थान के निम्नांकित में से किस जिले में साक्षरता दर सबसे कम है?**

(1) सिरोही (2) जालौर

(3) प्रतापगढ़ (4) डूंगरपुर

58. **राजस्थान में 1817 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ सन्धि करने वाला प्रथम राज्य था?**

(1) अलवर (2) करौली

(3) मेवाड़ (4) बीकानेर

59. **अजमेर में राजपूताना एजेंसी की स्थापना कब की गई?**

(1) 1832 ई. में (2) 1834 ई. में

(3) 1835 ई. में (4) 1838 ई. में

60. **1857 की क्रांति के समय 'राजपूताना' में एजेन्ट टू गवर्नर जनरल कौन था?**

(1) जार्ज लॉरेन्स (2) सी.एल. शावर्स

(3) मैक मेसन (4) डब्लू. ईडन

61. **गोविन्द गुरु के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-**

1. गोविन्द गिरि (गुरु) पर दयानन्द सरस्वती का गहरा प्रभाव था।
2. उनका जन्म 1858 ई. में डूँगरपुर राज्य के बेडसा ग्राम में हुआ था।
3. उनके द्वारा 1902 ई. में सम्प सभा की स्थापना की गयी थी।
4. वह बंजारा जाति के थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौनसे कथन सही है-**

**कूट -**

(1) 1, 2, 3 और 4 (2) 1, 3 और 4

(3) 2, 3 और 4 (4) 1, 2 और 4

62. **राजस्थान के एकीकरण का श्रेय जाता है?**

(1) सरदार वल्लभभाई पटेल को (2) जवाहर लाल नेहरू

(3) माउंटबेटन (4) हीरालाल शास्त्री

63. **निम्नलिखित में से कौनसा असत्य है?**

(1) तेजाजी मेला- भाद्रपद शुक्ल दशमी

(2) पुष्कर मेला- अश्विनी पूर्णिमा

(3) सीतामाता मेला- जेष्ठ अमावस्या

(4) कैलादेवी मेला- चैत्र शुक्ल पक्ष

64. **निम्न में से कौनसा तत् वाद्य नहीं है?**

(1) जन्तर (2) रबाज

(3) चौतारा (4) सतारा

65. **घूमर जो देवी सरस्वती की पूजा के लिए किया जाता है, किस जनजाति का एक पारंपरिक लोक नृत्य है?**

(1) कालबेलिया (2) भील

(3) सहरिया (4) मीणा

66. **कौन से लोक देवता भूंडेल से थे?**

(1) हड़बूजी (2) धन्नाजी

(3) मलीनाथजी (4) रामदेवजी

67. ईसर-ईसरी की पूजा किस त्यौहार पर की जाती है?
(1) तीज (2) गणगौर
(3) रक्षाबंधन (4) नागपंचमी

68. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा गलत हैं?
(1) नमदा-टोंक
(2) बादला-जयपुर
(3) मसूरिया साड़ी-कोटा
(4) संगमरमर की नक्काशी-टोंक

69. अमरशाही किसका नाम है?
(1) आभूषण (2) मिट्टी का बर्तन
(3) पगड़ी (4) जूती

70. दुतई, गदर, डगला, कानो एवं मिरजाई किससे सम्बन्धित है-
(1) तलवार (2) पगड़ी
(3) अंगरखी (4) ओढ़नी

71. चम्पाकली महिलाओं के शरीर के किस भाग को सुशोभित करती है?
(1) कानों में (2) गले में
(3) कमर में (4) बाजुओं में

72. ग्रियर्सन ने किस बोली को 'भीली' बोली की संज्ञा दी है?
(1) वागड़ी (2) नीमाड़ी
(3) डिंगल (4) अहीरवाटी

73. कुरजां गीत राजस्थान में बहुत प्रसिद्ध है, कुरजां शब्द किसके लिए प्रसिद्ध हुआ है?
(1) यह एक प्रकार की झील है
(2) यह एक प्रकार की बावड़ी है
(3) यह एक प्रकार का लोक वाद्ययंत्र है
(4) यह एक प्रकार का पक्षी है

74. 'ढोला-मारू-रा-दोहा' का रचयिता कौन है?
(1) नरपति नाल्ह (2) आशानंद
(3) कल्लोल (4) बीठू सूजो

75. कौनसा सुमेलित नहीं है?

| [ पर्यटन केंद्र ] | | [ स्थिति ] |
|---|---|---|
| (1) लालगढ़ पैलेस | - | जैसलमेर |
| (2) गागरोन किला | - | झालावाड़ |
| (3) कपिल सरोवर | - | कोलायत |
| (4) दौलत बाग | - | अजमेर |

76. राजस्थान राज्य के गठन के बाद सर्वाधिक भीषण अकाल कब पड़ा था?
(1) 1964-65 (2) 1976-77
(3) 1987-88 (4) 1998-99

77. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन कब किया गया?
(1) 1 जनवरी, 2007 (2) 6 सितम्बर, 2007
(3) 6 सितम्बर, 2008 (4) 25 अक्टूबर, 2008

78. किस सांविधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा राजस्थान में राजप्रमुख संस्था समाप्त कर दी गई?
(1) 7वाँ सांविधानिक संशोधन अधिनियम, 1956
(2) 5वाँ सांविधानिक संशोधन अधिनियम, 1954
(3) 8वाँ सांविधानिक संशोधन अधिनियम, 1956
(4) 6वाँ सांविधानिक संशोधन अधिनियम, 1955

79. ईवीएम मशीन में नोटा बटन का उपयोग पहली बार कौन से विधानसभा चुनाव में किया गया था?
(1) 14वाँ विधानसभा चुनाव 2013
(2) 11वाँ विधानसभा चुनाव 1998
(3) 12वाँ विधानसभा चुनाव 2003
(4) 13वाँ विधानसभा चुनाव 2008

80. राजस्थान में प्रथम निर्वाचित लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ?
(1) 3 मार्च, 1952 (2) 1 अप्रैल, 1952
(3) 15 अप्रैल, 1952 (4) 30 अप्रैल, 1952

81. राजस्थान के किस मुख्यमंत्री की 'कामचलाऊ सरकार' (केयरटेकर गवर्नमेन्ट) के विरुद्ध विधान सभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था?
(1) जयनारायण व्यास (2) टीकाराम पालीवाल
(3) मोहनलाल सुखाड़िया (4) हरिदेव जोशी

82. संविधान में मुख्यमंत्री का कर्त्तव्य निर्धारित है?
(1) अनुच्छेद 163 में (2) अनुच्छेद 213 में
(3) अनुच्छेद 157 में (4) अनुच्छेद 167 में

83. राजस्थान में, 'राजस्थान पुलिस अकादमी' कहाँ स्थित है?
(1) जोधपुर (2) कोटा
(3) जयपुर (4) अजमेर

84. उपखण्ड का प्रशासन किसके नियंत्रण में है?
(1) विकास अधिकारी
(2) एसडीएम (सब डिविजन मजिस्ट्रेट)
(3) जिला प्रमुख
(4) सत्र न्यायाधीश

85. पंचायती राज संस्थाओं की समस्याओं का अध्ययन करने हेतु भारत सरकार द्वारा 1986 में निम्नांकित में से किस समिति का गठन किया गया?
(1) अशोक मेहता समिति (2) के. संथानम समिति
(3) हनुमंतराव समिति (4) एल.एम. सिंघवी समिति

86. किस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण स्तर की आधारभूत सुविधाओं की मॉनिटरिंग करना है?

(1) ई-ग्राम स्वराज (2) स्वामित्व योजना
(3) पी.एम. उज्ज्वला योजना (4) सी.एस.आई.एस.

87. मनुष्य शरीर का प्रमुख उपापचयी अंग है?

(1) वृक्क (2) फुफ्फुस
(3) आमाशय (4) यकृत

88. टाइफाइड ( मियादी बुखार ) _____ के कारण होता है?

(1) विषाणु (2) जीवाणु
(3) कवक (4) परजीवी

89. निम्न में से कौनसी दवा बुखार उतारती है?

(1) पैरासिटामौल (2) लिडोकेन
(3) एमौक्सीसिलीन (4) फिनराइमाइन मैलिएट

90. पृथ्वी तक सूर्य की किरणें पहुँचने में लगभग कितना समय लगता है?

(1) 5 मिनट (2) 6 मिनट
(3) 8 मिनट (4) 9 मिनट

91. निम्नलिखित में से कौनसी एक धातु चाकू द्वारा काटी जा सकती है?

(1) सिल्वर (2) गोल्ड
(3) पौटेशियम (4) लैड

92. वर्तमान स्लाइड से स्लाइड शो को शुरू करने हेतु शॉर्टकट कीज है?

(1) शिफ्ट + F5 (2) कंट्रोल + F5
(3) कंट्रोल + शिफ्ट + F5 (4) कंट्रोल + शिफ्ट + डिलीट

93. विन्डोज में किसी भी फाइल अथवा फोल्डर को पूर्ण रूप से मिटाने हेतु, दबाया (press) जाता है-

(1) शिफ्ट + डिलीट + इंटर
(2) कंट्रोल + शिफ्ट + डिलीट
(3) शिफ्ट + डिलीट + स्पेस बार
(4) कंट्रोल + शिफ्ट + D

94. MS वर्ड में Ctrl + Return का प्रयोग किया जाता है?

(1) कॉपी-पेस्ट (2) कट-पेस्ट
(3) पेज ब्रेक (4) पेज डिलीट

95. निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण एक फोन लाइन पर डिजिटल डाटा भेजने के लिए प्रयोग किया जाता है?

(1) USB (2) Scanner
(3) Printer (4) Modem

## भाग : ( द )
## गणित

96. विक्टर, विनिश तथा विशिक तीनों की वर्तमान आयु का योग 90 वर्ष है। दस वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 1 : 2 : 3 था। विनिश की वर्तमान आयु क्या है ?

(1) 40 वर्ष (2) 30 वर्ष
(3) 18 वर्ष (4) 20 वर्ष

97. एक बालक को 5 संख्याओं का औसत निकालने के लिए कहा गया, परन्तु लिखते समय 73 के स्थान पर 37 तथ 54 के स्थान 45 लिख दिया। इस प्रकार उसका औसत 59 प्राप्त हुआ तो वास्तविक संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए-

(1) 68 (2) 55
(3) 75 (4) 60

98. किसी संस्था के 20 कर्मचारियों का औसत मासिक वेतन 4500 रुपये है। यदि प्रबन्धक का वेतन भी सम्मिलित कर लिया जाये तो औसत मासिक वेतन बढ़कर 5000 रुपये हो जाता हैं। प्रबन्धक का मासिक वेतन ज्ञात कीजिए-

(1) 12000 रुपये (2) 14000 रुपये
(3) 15000 रुपये (4) 10,500 रुपये

99. एक कर्मचारी के वेतन में 40 प्रतिशत की कमी कर दी गई कुछ माह बाद उसके वेतन में 50% वृद्धि कर दी गई इससे उसे कितने प्रतिशत हानि हुई?

(1) 15% (2) 25%
(3) 20% (4) 10%

100. एक ग्राम पंचायत ने सन 2000 में 3000 वृक्ष लगाये। यदि प्रथम वर्ष 25% एवं दूसरे वर्ष 10% वृक्ष सूखने का अनुमान हो तो सन 2002 में वृक्षों की अनुमानित संख्या ज्ञात करो-

(1) 2010 (2) 1900
(3) 2000 (4) 2025

101. कोई वस्तु 10% लाभ से बेची गई यदि वह 36 रुपये कम से बेची जाती तो 8% हानि होती। वस्तु का क्रम मूल्य ज्ञात करो?

(1) 300 रु. (2) 350 रु.
(3) 200 रु. (4) 260 रु.

102. रहीम ने एक गाय रमेश को 20% लाभ पर बेच दी तथा रमेश ने इसे जॉन को 25% लाभ पर बेच दिया। यदि जॉन ने 900 रु. दिये जो, तो रमेश ने गाय के कितने रुपये दिये।

(1) 600 रु. (2) 690 रु.
(3) 760 रु. (4) 900 रु.

103. 3 : 5 अनुपात के प्रत्येक पद में कौनसी संख्या जोड़े कि अनुपात 2 : 3 हो जाये-

(1) 1 (2) 10
(3) 10 (4) 2

104. 5 केले तथा 4 सेबों का मूल्य 3 केले तथा 7 सेबों के मूल्य के बराबर है। एक केले तथा एक सेब के मूल्यों का अनुपात क्या होगा?

(1) 3 : 3 (2) 3 : 4
(3) 2 : 3 (4) 3 : 2

105. मोहन और हरि के धन का अनुपात 4 : 5 है। यदि मोहन का धन 80 रु. हो तो हरि का धन हैं–

106. 5000 रु. का $1\frac{1}{2}$ वर्ष में 4% वार्षिक दर चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा जबकि ब्याज वार्षिक देय हो?

(1) 404 रु. (2) 604 रु.
(3) 504 रु. (4) 304 रु.

107. 8,000 रु. का 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से $1\frac{1}{2}$ वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करो जबकि ब्याज संयोजन अर्द्धवार्षिक होता है।

(1) 9547.45 रु. (2) 998.91 रु.
(3) 995.19 रु. (4) कोई नहीं

108. छः घण्टियां एक साथ बजनी आरम्भ हुई। यदि ये घण्टियां क्रमशः 2, 4, 6, 8, 10, 12 सैकण्ड के अन्तराल से बजें, तो 30 मिनट में वे कितनी बार इक्कठी बजेंगी?

(1) 4 (2) 10
(3) 15 (4) 16

109. यदि किसी कार्य को A तथा B मिलकर 15 दिन में तथा अकेला B 20 दिन में पूरा करता है, तो A अकेला उसे कितने दिन में पूरा करेगा?

(1) 60 (2) 45
(3) 40 (4) 30

110. शिवशंकर जयुपर से महवा के मध्य की 120 किमी. दूरी को मोटर साईकिल से 2 घण्टे में तय करता है। उस की मोटर साईकिल की चाल ज्ञात करो?

(1) 60 किमी/घण्टा (2) 40 किमी/घण्टा
(3) 75 किमी/घण्टा (4) 55 किमी/घण्टा

111. A से B तक की दूरी को कोई कार 75 किमी./घण्टा की चाल से 5 घण्टे में तय करती है। तो वह उतनी ही दूरी 60 किमी/घण्टा की चाल से कितने घण्टे में तय करेगी?

(1) 5 घण्टा 15 मिनट (2) 6 घण्टा 15 मिनट
(3) 6 घण्टा (4) 5 घण्टा

112. यदि 1000 रु. को A तथा B में 3 : 2 के अनुपात में विभक्त किया जाए, तो A को प्राप्त होंगे--

(1) 400 रु. (2) 500 रु.
(3) 600 रु. (4) 800 रु.

113. दो स्टेशनों P व Q के मध्य की दूरी 900 किमी है, तथा दो बसे एक P से 35 किमी/घण्टा व दूसरी Q से 55 किमी/घण्टा की चाल से एक ही समय रवाना होती है। कितने घण्टे बाद वे एक दूसरे को मिलती है ?

(1) 10 (2) 9
(3) 5 (4) 7

114. रामधन 60 किमी/घण्टा की चाल से एक नियत स्थान पर जाता है। तथा 100 किमी/घण्टा की चाल से वापस आता है। तो सम्पूर्ण यात्रा में उसकी औसत चाल क्या होगी?

(1) 75 किमी/घण्टा (2) 60 किमी/घण्टा
(3) 90 किमी/घण्टा (4) 60 किमी/घण्टा


115. 54 किमी./घण्टा की रफ्तार से जा रही 150 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक बिजली के पोल को कितने समय में पार कर लेगी?

(1) 10 सैकण्ड (2) 25 सैकण्ड
(3) 15 सैकण्ड (4) 20 सैकण्ड

116. राम ने 90000 रु. लगाकार एक व्यापार आरम्भ किया। तीन माह बाद महेश भी 120000 रु. लगाकर साझीदार हो गया। यदि 2 वर्ष के अन्त में कुल लाभ 91000 रु. हो, तो दोनों के भागों का अन्तर कितना होगा ?

(1) 9000 रु. (2) 10,000 रु.
(3) 7000 रु. (4) 20,000 रु.

**निर्देशः निम्न लेखाचित्र के आधार पर प्रश्न 117 से 120 के उत्तर दीजिए-**




117. वर्ष 1997 की तुलना में वर्ष 1998 में उर्वरकों के उत्पादन में कितने प्रतिशत कमी आ गई?

(1) $33\frac{1}{3}\%$ (2) 30%
(3) 25% (4) 20%

118. कितने वर्षों में उर्वरकों का उत्पादन, प्रदत्त वर्षों के औसत उत्पादन से अधिक हुआ?

(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4

119. किस वर्ष में अपने पिछले वर्ष की तुलना में, उत्पादन के प्रतिशत में सर्वाधिक वृद्धि हुई?

(1) 2002 (2) 2001
(3) 1996 (4) 1997

120. वर्ष 1996 तथा 1997 में उर्वरकों के कुल उत्पादन और वर्ष 1995, 1998 तथा 2000 के कुल उत्पादन का अनुपात क्या था?

(1) 5 : 6 (2) 6 : 5
(3) 20 : 29 (4) 13 : 24

# व्याख्यात्मक सहित हल

## भाग : ( अ ) सामान्य हिन्दी

1. (2) **व्याख्या:**- नारायण = नार + अयन (दीर्घ संधि, व्यंजन संधि)। यहाँ दीर्घ संधि (अ+अ = आ) तथा व्यंजन संधि ('न' का 'ण' बन जाने के कारण) दोनों हैं।

2. (1) **व्याख्या:**- पितृ+आदि = पित्रादि

3. (1) 4. (4) 5. (3) 6. (1) 7. (3)
8. (2) 9. (2) 10. (3) 11. (3) 12. (2)
13. (1) 14. (1) 15. (1) 16. (1) 17. (2)

18. (3) **व्याख्या:**- **1. विज्ञप्ति :** विज्ञप्ति शब्द से तात्पर्य- सूचित करने क्रिया। **2. निविदा :** सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा अपने किसी निर्माण कार्य को सम्पन्न कराने सामान की आपूर्ति करने आदि के लिए उक्त कार्य कर सकने वाले व्यक्तियों के सूचनार्थ समाचार पत्रों में आमंत्रण। **3. अनुस्मारक :** पूर्व में लिखे गये किसी पत्र की अनुपालना न होने पर पत्र प्राप्त करने वाले को जब प्रेषक की ओर से पुनः स्मरण कराया जाता है। **4. परिपत्र :** परिपत्र को गश्तीपत्र के नाम से भी जाना जाता है, जब एक ही सूचना आदेश, निर्देश या संदेश कई व्यक्तियों अथवा कार्यालयों को भेजना हो ऐसी परिस्थिति में लिखा जाने वाला पत्र परिपत्र या गश्ती पत्र कहलाता है।

19. (1) 20. (4) 21. (2) 22. (1) 23. (4)

24. (2) **व्याख्या:**- **1. सकर्मक क्रिया :** जिस वाक्य में क्रिया का प्रभाव सीधे कर्म पर पड़ता है। **2. अकर्मक क्रिया :** जिस वाक्य में क्रिया का प्रभाव सीधे कर्ता पर पड़ता है। **3. नाम धातु क्रिया :** वे क्रिया पद जो संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण से बनते हैं। **4. प्रेरणार्थक क्रिया :** वे क्रियाएँ जिन्हें कर्ता स्वयं न करके दूसरों को क्रिया करने के लिए प्रेरित करता है।

25. (4) **व्याख्या:**- संतुष्ट का विलोम असंतुष्ट, विरह का विलोम **मिलन, पथ्य** का विलोम 'अपथ्य'।

26. (3) 27. (1) 28. (2) 29. (4)

30. (4) **व्याख्या:**- वाक्यांश के लिए प्रयुक्त सार्थक शब्द-
    - दोपहर के बाद का समय- **अपराह्न**
    - दोपहर से पहले का समय- **पूर्वाह्न**

## भाग : ( ब ) सामान्य अंग्रेजी

31. (2) **Exp. :** इस sentence में decision (निर्णय) एक noun (संज्ञा) की तरह प्रयुक्त हुआ है- 'सरकार का निर्णय' वाक्य का subject है।

32. (3) **Exp. :** Myself, ourselves, yourself, himself, herself, itself एवं themselves सभी **reflexive pronoun** होते है।

33. (2) **Exp. :** Cattle एक Plural Noun है अत: यहाँ Plural Verb का प्रयोग होगा।

34. (3) **Exp.:** दिया गया Active Sentence Imperative है और इस प्रकार के वाक्य का Passive 'Let' से बनाया जाता है तथा be+V3 का प्रयोग होता है।

35. (1) **Exp.:** Who से प्रारंभ होने वाले active voice के वाक्यों को passive voice में बदलते समय who को by whom में बदल देते हैं तथा structure होगी-
    - **By whom + was / were (H.V.) + Obj.+V3 + etc.**

36. (4) **Exp. :** दिया गया sentence imperative है जिसका Narration change करते समय connective के रूप में to का प्रयोग होगा अत: विकल्प (4) सही है।

37. (2) **Exp.:**- Money एक uncountable noun है, अत: how के बाद much आयेगा।

38. (2) **Exp.:**- यहाँ LIC से पूर्व an article का भ्रम हो सकता है, लेकिन an का प्रयोग एक के अर्थ में होगा, इसलिए the का प्रयोग उचित है।

39. (2) **Exp.:** यदि Affirmative Sentence में Comparative Degree + than आया हो तो उसे negative में बदलने के लिए not + so/as + positive degree + as का प्रयोग किया जाता है।

40. (3) 41. (4) 42. (2) 43. (2) 44. (4)
45. (3) 46. (2) 47. (1) 48. (2) 49. (4)
50. (4) 51. (3) 52. (3) 53. (1) 54. (1)
55. (4) 56. (2) 57. (2) 58. (2) 59. (1)
60. (1) 61. (4) 62. (1) 63. (2)

64. (4) **व्याख्या:**- सतारा एक सुषिर वाद्य यंत्र है।

65. (2) 66. (1) 67. (2) 68. (2) 69. (3)
70. (3) 71. (2) 72. (1) 73. (4) 74. (3)
75. (1) 76. (3) 77. (2) 78. (1) 79. (1)
80. (1) 81. (2) 82. (4) 83. (3) 84. (2)
85. (4) 86. (1) 87. (4) 88. (2) 89. (1)
90. (3)

91. (3) व्याख्या : क्षारीय धातु (लीथियम, सोडियम, पोटेशियम) इतनी मुलायम होती है कि इनको चाकू से काटा जा सकता है। इनके घनत्व तथा गलनांक कम होते हैं।

92. (1) 93. (1) 94. (3) 95. (4)

## भाग : (द) गणित

96. व्याख्या : (2) माना 10 वर्ष पूर्व उनकी आयु x, 2 x तथा 3 x थी।
$\therefore (x+10)+(2x+10)+(3x+10)=90$ अर्थात $x=10$
विनिश की वर्तमाना आयु = $(2x+10) = 30$ वर्ष ।

97. व्याख्या : (1) लिखी गई संख्याओं का योग
$= 37 + 45 = 82$
लिखने योग संख्याओं का योग $= 73 + 54 = 127$
संख्याओं का अन्तर $= 127 - 82 = 45$
अतः वास्तविक संख्याओं का औसत
$= 59 + \frac{45}{5} = 59 + 9 = 68$

98. व्याख्या : (3) प्रबन्धक का मासिक वेतन
$= 5000 \times 21 - 4500 \times 20 = 105000 - 90000 = 15000$ रुपये

99. व्याख्या : (4) माना कि वेतन = 100
40% कमी करने पर वेतन 100 – 40 = 60 रु.
अब 50% वृद्धि करने पर नया वेतन
= 60+ 60 का 50% .
$= 60 + 60 \times \frac{50}{100}$, $= 60 + 30 = 90$ रु.
कुल हानि $= 100 - 90 = 10\%$

100. व्याख्या : (4) सन 2002 में वृक्षों की संख्या
$= 3000 \times \frac{75}{100} \times \frac{90}{100} = 2025$ वृक्ष

101. व्याख्या : (3) वस्तु का क्रयमूल्य
$= \frac{\text{अन्तर}}{\text{लाभ+हानि}} \times 100 = \frac{36}{18} \times 100 = 200$ रुपये

102. व्याख्या : (1) रमेश की गाय का क्रयमूल्य
$= 900 \times \frac{100}{120} \times \frac{100}{125} = 600$ रुपये

103. व्याख्या : (1) माना प्रत्येक पद में x जोड़ा जाता है।
$\frac{3+x}{5+x} = \frac{2}{3}$
$\Rightarrow 9 + 3x = 10 + 2x$
$\Rightarrow x = 1$

104. व्याख्या : (4) 5 केले +4 सेबों = 3 केले +7 सेबो
⇒ 2 केले −3 सेब = 0
⇒ 2 केले = 3 सेब
$\Rightarrow \frac{\text{केले}}{\text{सेब}} = \frac{3}{2}$
⇒ केले : सेब = 3 : 2

105. व्याख्या: (2) हरि का धन =
$\frac{\text{हरि का अनुपात}}{\text{मोहन का अनुपात}} \times$ मोहन का धन
$= \frac{4}{5} \times 80 = 64$ रुपये

106. व्याख्या: (4) चक्रवृद्धि ब्याज $= 5000\left(1+\frac{4}{100}\right)^{1\frac{1}{2}} - 5000$
$= 5000\left(\frac{104}{100} \times \frac{102}{100}\right) - 5000$
$= 5304 - 5000 = 304$ रु.

107. व्याख्या: (2) मिश्रधन $= 8000 \times \left[1+\frac{4}{100}\right]^3$
$= 8000 \times \frac{104}{100} \times \frac{104}{100} \times \frac{104}{100}$
$= 8998.912$ रुपये
ब्याज $= 8998.912 - 8000$
$= 998.912$ रुपये

108. व्याख्या: (4) Trick–
घण्टियां बजने की संख्या (एक साथ)
$= \frac{\text{समय}}{\text{दिऐं हुए समय का ल. स.}} + 1$
⇒ 2, 4, 6, 8, 10, 12 सैकण्ड का ल. स.
= 120 सैकण्ड = 2 मिनट
अतः घण्टियों के एक साथ बजने की संख्या =
$\frac{30}{2} + 1 = 16$ बार **Ans.**

109. व्याख्या:- (1) A अकेला कार्य करेगा $= \frac{xy}{y-x}$ दिन
$= \frac{15 \times 20}{20-15} = \frac{15 \times 20}{5} = 60$ दिन

**110. व्याख्याः- (1)** चाल = दूरी/समय

$= \frac{120}{2} = 60$ किमी./घण्टा

**111. व्याख्याः- (2)** A से B तक की दूरी = चाल × समय

$= 75 \times 5 = 375$ किमी.

समय $= \frac{\text{दूरी}}{\text{चाल}} = \frac{275}{60} = 6$ घण्टा 15 मिनट

**112. व्याख्या : (3)**

| A | : | B |
|---|---|---|
| 3 | : | 2 |

कुल धन = 1000 रु.

$\therefore$ A का हिस्सा $= \frac{3}{5} \times 1000 = 600$ रु.

**113. व्याख्या : (1)** समय $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{सापेक्ष चाल}}$

$= \frac{900}{35+55} = \frac{900}{90} = 10$ घण्टें

अतः दोनों बसे 10 घण्टें बाद मिलेगी

**114. व्याख्या : (1)** नियत स्थान के लिए औसत चाल

$= \frac{2xy}{n+y} = \frac{2 \times 60 \times 100}{160} = 75$ किमी./घंटा

अतः सम्पूर्ण यात्रा में औसत चाल 75 किमी./घण्टा होगी।

**115. व्याख्या : (1)** रेलगाड़ी की चाल $= \left(54 \times \frac{5}{18}\right)$

मीटर/सैकण्ड = 15 मीटर/सैकण्ड

पोल पार करने में लगा समय

$= \frac{\text{रेलगाडी की लम्बाई}}{\text{रेलगाडी की चाल}} = \frac{150}{15} = 10$ सैकण्ड

**116. व्याख्या : (4)**

| राम | : | महेश |
|---|---|---|
| $90000 \times 24$ | | $120000 \times (24 - 3)$ |
| $\Rightarrow 9 \times 24$ | | $12 \times 21$ |
| $\Rightarrow 6$ | : | 7 |

2 वर्ष के अन्त में कुल लाभ = 91000 रु.

दोनों के अनुपातों का अन्तर = 7 – 6 = 1

$\therefore$ दोनों के भागों का अन्तर $= \frac{1}{13} \times 91000 = 7000$ रु

**117. व्याख्या : (3)** % कमी $\frac{60-45}{60} \times 100 = \frac{15}{60} \times 100 = 25\%$

**118. व्याख्या : (4)**

औसत उत्पादन $= \frac{25+40+60+45+65+50+75+80}{8}$

$= \frac{440}{8} = 55$

वर्ष 1997, 1999, 2001, 2002 का उत्पादन औसत उत्पादन से अधिक

**119. व्याख्या : (3)** विकल्प से–

(a) 2002 में 2001 की तुलना में वृद्धि $= \frac{80-75}{75} \times 100 = 6.6\%$

(b) 2001 में 2000 की तुलना में वृद्धि $= \frac{75-50}{50} \times 100 = 50\%$

(c) 1996 में 1995 की तुलना में वृद्धि $= \frac{40-25}{25} \times 100 = 60\%$

(d) 1997 में 1996 की तुलना में वृद्धि $= \frac{60-40}{40} \times 100 = 50\%$

अत: सर्वाधिक वृद्धि वर्ष 1996 में हुआ है।

**120. व्याख्या : (1)** वर्ष 1996 तथा 1997 में उर्वरकों का कुल उत्पादन

= 40 + 60 = 100

वर्ष 1995, 1998 तथा 2000 में उर्वरकों का कुल उत्पादन

= 25 + 450 + 50 = 120

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = 100 : 120 = 5 : 6

❑❑❑